




जॉन सीना ने जो तस्वीर शेयर की, उस पर स्टोन कोल्ड सिंह लिखा हुआ है।

## रेसलर जॉन सीना ने शेयर की रणवीर सिंह की तस्वीर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। वर्ल्ड रेसलिंग एंटरटेनमेंट के 16 बार के चैंपियन रेसलर जॉन सीना कई बार सोशल मीडिया पर भारतीयों से जुड़ी तस्वीरें शेयर करते रहते हैं। इस बार उन्होंने बॉलिवुड स्टार रणवीर सिंह की एक तस्वीर शेयर की है। हालांकि इसमें रणवीर सिंह को पहचानना थोड़ा मुश्किल है। इतना ही नहीं, जॉन ने उन्हें नया नाम तक दे दिया है। इस तस्वीर ने ना केवल भारतीयों को बल्कि रणवीर सिंह के फैंस को भी ध्यान खींचा। जॉन सीना ने पूर्व डब्ल्यूडब्ल्यूएफ स्टार स्टोन कोल्ड स्टीव ऑस्टिन के जैसा लुक रणवीर सिंह को दिया है। जॉन सीना ने जो तस्वीर शेयर की, उस पर स्टोन कोल्ड सिंह लिखा हुआ है। बॉलीवुड स्टार रणवीर ने इसी तरह की तस्वीर अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कुछ समय पहले शेयर की थी, जब कोरोना वायरस से बचाव के तौर पर देश में लॉकडाउन घोषित किया गया था। इससे पहले जॉन सीना ने शाहरुख खान और जैकी चेन के साथ एक तस्वीर शेयर की थी। उन्होंने ऋषि कपूर, इरफान खान के निधन पर भी पोस्ट शेयर की थी।

# टी20 विश्व कप को रद्द करने के अलावा विकल्प नहीं दिख रहा

क्रिकेट

## इस साल स्थगित कर 2022 में कराए जाने की खबर

### हमारे सवालों को जवाब किसी के पास नहीं हैः संगकारा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मुंबई। ऑस्ट्रेलिया में इस साल होने वाले आईसीसी टी20 विश्व कप को लेकर लगातार बातें की जा रही है। इसे इस साल स्थगित कर 2022 में कराए जाने की खबरें सुनने में आ रही है। कोरोना वायरस संक्रमण के फैलने की वजह से यह सारी बातें सामने आ रही है। हालांकि आईसीसी ने इस बात के तय कर दिया है कि 10 जून तक बाद ही टूर्नामेंट के आयोजन पर कोई फैसला लिया जाएगा।

मेरीलेबोन क्रिकेट क्लब के अध्यक्ष पूर्व श्रीलंकाई कप्तान कुमार संगकारा को लगता है कि इस वक्त सारा ध्यान सिर्फ कोरोना वायरस पर ही है। सभी को बस इस बात की चिंता है कि यह अगले कुछ महीनों में कितना प्रभाव डालेगा। टी20 विश्व कप को लेकर




बात करते हुए संगकारा ने कहा कि फिलहाल तो विकल्प नजर आ रहा है कि इसे इस साल रद्द कर दिया जाए।

स्टार स्पोर्ट्स के कार्यक्रम क्रिकेट कनेक्टेड पर बात करते हुए कुमार संगकारा ने कहा, ष्सबसे अहम चीज यह है कि इस वायरस के साथ होने क्या वाला है। यह सार्स और मार्स की तरह गायब हो जाने वाला है या फिर यह कुछ ऐसा है जो सीजन के साथ वापस लौटने वाला है। क्या हमें इस वायरस के साथ ही जीना पड़ेगा या फिर वक्त वक्त पर इसको लेकर ऐसी चीजों होती रहेंगी या फिर इसे हमें लेकर लंबे वक्त तक जीना पड़ेगा।

जैसे जैसे वक्त बीतेगा इसको लेकर चीजें साफ हो जाएंगी, इसलिए मैं खुद को आईसीसी के टेबल पर विशेषज्ञ और सलाहकारों के साथ बैठकर इन सब चीजों को समझने और पर चर्चा करता देख सकता हूं। जो सवाल हम सभी के दिमाग में घूम रहा है वो अब तक ज्यादातर विशेषज्ञों द्वारा हल नहीं किया गया है।

**टी20 विश्व कप को रद्द या स्थगित करना विकल्प है:** हर दिन नई नई चीजों सीखने के मिल रही हैं, नई चीजों देखने को मिल रही हैं इसी वजह से हम सबको फिलहाल तो इंतजार करना होगा और देखना होगा लेकिन शायद विकल्प तो इस साल टूर्नामेंट को रद्द करने का ही है या किसी और साल के लिए स्थगित कर दिया जाए।

स्वास्थ और सुरक्षा को लेकर सभी चीजों का आंदाजा लगाकर चीजों को पक्का करना होगा।

# बाबर आजम को मिली सलाह, विराट और विलियसमसन की कप्तानी से सीखो

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। बाबर आजम को जब से पाकिस्तान वनडे क्रिकेट टीम का कप्तान बनाया गया है तब से उन्हें लेकर लगातार बातें की जा रही हैं। पाकिस्तानी पूर्व दिग्गजों ने उन्हें कई तरह की सलाह दे डाली है और अब पाकिस्तान क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान रमीज राजा ने कहा है कि उन्हें विराट कोहली और केन विलियमसन से कप्तानी सीखनी चाहिए। ये दोनों खिलाड़ी अपनी-अपनी टीमों के तीनों फॉर्मेड में लीड करते हैं।

बाबर आजम पाकिस्तान टी20 टीम के कप्तान पहले से ही हैं और अब वो वनडे के कप्तान भी बन गए हैं। वहीं कहा जा रहा है कि अजहर अली के रिटायर



होने के बाद उन्हें टेस्ट कप्तानी भी मिल जाएगी। बाबर आजम का औसत उजले गेंद के क्रिकेट में 50 से ज्यादा है और वो इस वक्त पाकिस्तान के बेस्ट बैट्समैन हैं। उनकी बल्लेबाजी की तुलना विराट कोहली, स्टीव स्मिथ, जो रूट व केन के साथ की जाती है। अब बाबर की असली परीक्षा वनडे कप्तान के तौर पर होनी है।

रमीज राजा ने कहा कि इंटरनेशनल क्रिकेट में दो रोल मॉडल हैं जिनसे वो सीख और समझ सकते हैं। पहला है विराट कोहली का कप्तानी मॉडल है जो आक्रामक है। उनकी शरीर की भाषा काफी मजबूत है और वो क्रिकेट को लेकर जुनूनी और भावुक हैं। उनकी इन्हीं काबिलियत की वजह से उनके प्रदर्शन में इतनी निरंतरता है। उन्हें इन अक्रामक कप्तानी वाली रणनीति से काफी अच्छे परिणाम मिल रहे हैं।

रमीज ने कहा कि दूसरा मॉडल है केन विलियमसन मॉडल, न्यूजीलैंड के कप्तान। एक धीमा व्यक्ति जो धीरे-धीरे कप्तानी करता है। वो मैदान पर इमोशनल नहीं होता। उनकी शरीर की भाषा विराट कोहली जितनी मजबूत नहीं है, लेकिन वो प्रोसेस को फॉलो करता है। उसका चयन शानदार होता है। उन्होंने कहा कि विराट काफी आक्रामक खिलाड़ी हैं और अगर मैदान पर कोई उन्हें स्लेज करता है तो वो जवाब देने में पीछे नहीं रहते।

## कोहली ने तोड़े कमाई से सारे रिकॉर्ड, फोब्स की टाप 100 लिस्ट में अकेले क्रिकेटर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम कप्तान विराट कोहली ने इस साल कमाई करने के मामले में तमाम भारतीय खिलाड़ियों को पीछे छोड़ दिया है। वह फोब्स के सबसे ज्यादा कमाई करने वाले टॉप 100 एथलीट की लिस्ट में शामिल अकेले भारतीय क्रिकेटर हैं। फोब्स पत्रिका ने साल 2020 में सबसे ज्यादा पैसा कमाने वाले एथलीट की लिस्ट जारी की है। इन लिस्ट में शामिल होने वाले विराट अकेले क्रिकेटर हैं। उनकी कमाई लगभग 26 मिलियन डॉलर बताई गई है। साल 2019 में जारी लिस्ट में कोहली ने 30 स्थान से ज्यादा की छलांग लगाई है। पिछले साल टॉप 100 में जगह बनाने वाले अकेले भारतीय खिलाड़ी कोहली ने इस बार इस लिस्ट में 66 वां स्थान हासिल किया है। लगभग 25 मिलियन डॉलर की कमाई कर 2019 में वह 100वें नंबर पर थे। स्विट्जरलैंड के पूर्व नंबर एक टेनिस खिलाड़ी रोजर फेडरर ने इस साल कमाई करने के मामले में सबको पीछे छोड़ते हुए पहला स्थान हासिल किया है। वह ऐसा करने वाले दुनिया के पहले टेनिस खिलाड़ी बने हैं। उनकी पिछले साल की कमाई लगभग 106 मिलियन डॉलर बताई गई है।

## न्यूज डायरी




### बच्चे ने कहा अफरीदी बनना है.... शोएब अख्तर बोले- जल्दी आउट होगा तू भी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पूर्व पाकिस्तानी तेज गेंदबाज शोएब अख्तर अपनी हाजिरजवाबी के लिए मशहूर हैं। ऐसे ही एक मामले का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें वह अपने पूर्व साथी क्रिकेटर शाहिद अफरीदी को ट्रोल करते दिखाई दे रहे हैं। यह वीडियो वैसे तो पुराना है, लेकिन फिलहाल यह ट्विटर पर खूब देखा जा रहा है। दरअसल, वीडियो में रावलपिंडी एक्सप्रेस नाम से फेंस के बीच मशहूर यह गेंदबाज बच्चों से घिरा दिखा रहा है। इसी समय वह एक बच्चे को पास बुलाते हैं और उससे पूछते हैं- क्या बनना है? इस पर बच्चा जवाब देता है- अफरीदी बनना है। फिर क्या था शोएब ने तपाक से जवाब दिया- अफरीदी... जल्दी आउट होगा फिर तू भी...। उल्लेखनीय है कि शोएब अख्तर अपनी बिंदास बयानों के लिए जाने जाते हैं। कई बार वह शाहिद अफरीदी की कप्तानी और बैटिंग के बारे में बयान दे चुके हैं।

### इटैलियन ओपन सितंबर में रोम में खेला जाएगा, महासंघ अध्यक्ष को भरोसा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मिलान। घातक कोरोना वायरस का असर खेल जगत पर भी पड़ा लेकिन अब धीरे-धीरे टूर्नामेंट और सीरीज फिर से शुरू हो रही हैं। इटली टेनिस महासंघ के अध्यक्ष एंजेलो बिनागी ने कहा कि उन्हें भरोसा है कि एटीपी और डब्ल्यूटीए रोम क्ले कोर्ट टूर्नामेंट सितंबर में खेला जा सकता है। इस साल टूर्नामेंट का आयोजन 11 मई से फोरो इटैलिको में शुरू होना था। कोरोना वायरस



महामारी के चलते इसे स्थगित कर दिया गय था। बिनागी ने सुपर टेनिस से कहा, 'मुझे लगता है कि किसी बड़ी घटना को छोड़ दें तो हम सितंबर में इंटरनाजियोनाली बीएनएल डी इटालिया का आयोजन कर सकते हैं।' उन्होंने साथ ही कहा कि वह जल्द ही इटली के खेल मंत्री विन्सेंजो स्पाडाफोरा से चर्चा के लिए मुलाकात करेंगे। हालांकि इसकी तारीख रोलां गैरां पर फ्रेंच ओपन के साथ ही पड़ेगी जो 20 सितंबर से शुरु हो रहा है।

### विश्वनाथन आनंद स्वदेश लौटेंगे आज, तीन महीने से जर्मनी में फंसे थे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** चेन्नै। पूर्व विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद शनिवार को शाम तक भारत लौट आएंगे। कोविड-19 महामारी के चलते यात्रा संबंधित पांबदियों के कारण वह तीन महीने से ज्यादा समय से जर्मनी में फंसे थे। उनकी पत्नी अरुणा ने शनिवार की सुबह कहा, 'हां, आनंद आज स्वदेश लौट रहे हैं।' आनंद शुक्रवार की रात फ्रैंकफर्ट से एयर इंडिया की फ्लाइट (ए1-120) में बैठे हैं और वह दिल्ली से होते हुए बेंगलुरु पहुंचेंगे। उनके दोपहर एक बजकर 15 मिनट बेंगलुरु पहुंचने की उम्मीद है। पांच बार के विश्व चैंपियन को कर्नाटक सरकार द्वारा जारी किए गए नियमों के अनुसार 14 दिन के क्वारंटीन में रहना होगा।

### कोविड- 19 वायरस से संघर्ष के लिए बच्चे खेलों को अपनाएंः सेबेस्टियन को

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** प्राग। विश्व ऐथलेटिक्स के प्रमुख सेबेस्टियन को ने बच्चों से कोरोना वायरस महामारी की तरह झटके से निपटने के लिए खेलों को अपनाने की अपील की है। इस महामारी के कारण ऐथलेटिक्स के कई आयोजनों को रद्द या स्थगित करना पड़ा। अगले सप्ताह हालांकि चेक गणराज्य के 173 स्थलों पर ऐथलेटिक्स का आयोजन शुरू होने वाला है। सोमवार को श्वैक ऑन ट्रैकश के तहत शुरू हो रहे खेलों में कई पेशेवर खिलाड़ी के साथ बच्चे भी भाग लेंगे। इसमें दो बार के ओलिंपिक चैंपियन और विश्व रेकॉर्डधारक बारबोरा स्पॉटाकोवा भी शामिल हैं। को ने ऑनलाइन संवाददाता सम्मेलन में कहा, श्मैं इसका समर्थन करता हूं। यह पहली बड़ी पहल है, जो किसी सदस्य महासंघ की तरफ से आई है।श उन्होंने कहा, श्हम इस महामारी के बाद स्कूल खेल को फिर से स्थापित करने के लिए सरकारों के साथ काम कर सकते हैं। जो समुदाय (देश) फिट, स्वस्थ और बेहतर प्रतिरक्षा प्रणाली वाले हैं वे समुदाय भविष्य में इन संकटों से बेहतर तरीके से निपट सकेंगे।